कुल मुद्रित पृष्ठ संख्या/Total No. of printed pages: 08

# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
## Atomic Energy Education Society
## टर्म-I परीक्षा / Term-I Examination 2025– 26

**कक्षा /Class :आठवीं (VIII)** **अवधि/Duration : तीन घंटे (3 Hours)**

**विषय/Subject :हिन्दी(द्वितीय भाषा)** **अधिकतम अंक/Maximum Marks : 80**

---

## सामान्य निर्देश / General Instructions:

1. इस प्रश्न पत्र में क, ख, ग और घ चार खंड हैं। चारों खंडों के उत्तर उनके निर्देशानुसार, यथासंभव सही क्रम में दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के उत्तर सही और सुंदर लेख में दीजिए।
3. खंड क और ख के सभी प्रश्न बहुविकल्पी हैं। जो एक - एक अंक के हैं।

---

### खंड - ( क ) अपठित बोध - (14 अंक)

**प्रश्न 1. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए ।** **(1X 7 =7अंक)**

किताबें हमारे जीवन की सच्ची मित्र होती हैं। वे हमें ज्ञान देती हैं, सही मार्ग दिखाती हैं और अच्छे-बुरे की पहचान कराती हैं। जब हम अकेले होते हैं, तो किताबें हमारा साथ देती हैं। एक अच्छी किताब पढ़ने से हमारा मन प्रसन्न हो जाता है और हमें नई-नई बातें जानने को मिलती हैं। किताबें हमें केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में मदद करती हैं। कहानियों की किताबें हमें कल्पना की दुनिया में ले जाती हैं, तो इतिहास की किताबें हमें अतीत के बारे में बताती हैं। विज्ञान की किताबें नए आविष्कारों से परिचित कराती हैं और हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। किताबें ज्ञान का वह स्रोत हैं, जो मानव सभ्यता के विकास में सबसे बड़ा योगदान देती हैं। एक अच्छी किताब न केवल हमें शिक्षित करती है, बल्कि हमें सोचने, समझने और सही निर्णय लेने की क्षमता भी देती है। किताबें हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हैं और हर उम्र, हर वर्ग के व्यक्ति के लिए उपयोगी होती हैं।

आजकल बच्चों में किताबें पढ़ने की आदत कम होती जा रही है। वे अपना समय मोबाइल और टीवी में ज्यादा बिताते हैं। इसका असर उनकी सोचने-समझने की क्षमता पर पड़ता है। हमें यह समझना चाहिए कि किताबें ही सच्चा खजाना हैं, जो जीवन भर हमारे काम आती हैं। इसलिए हमें रोज़ाना कुछ समय किताबें पढ़ने में लगाना चाहिए।

(i) किताबें हमें क्या देती हैं?

(क) धन (ख) ज्ञान (ग) खेल (घ) वाहन

(ii) जब हम अकेले होते हैं, तब कौन हमारा साथ देता है?

(क) मोबाइल (ख) दोस्त (ग) किताबें (घ) टीवी

(iii) इतिहास की किताबें हमें किसके बारे में बताती हैं?

(क) अतीत (ख) खेल (ग) भविष्य (घ) विज्ञान

(iv) विज्ञान की किताबें हमें किससे परिचित कराती हैं?

(क) पुरानी कहानियों से (ख) चित्रकला से (ग) केवल खेलों से (घ) नए आविष्कारों से

(v) किताबें पढ़ने की आदत कम होने का क्या असर पड़ता है?

(क) पढ़ाई में रुचि बढ़ती है (ख) ज्ञान बढ़ता है
(ग) सोचने-समझने की क्षमता कम होती है (घ) खेलों में रुचि बढ़ती है

(vi) हमें रोज़ाना क्या करना चाहिए?

(क) केवल मोबाइल चलाना (ख) टीवी देखना
(ग) किताबें पढ़ने में समय लगाना (घ) खेलना

(vii) गद्यांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

(क) किताबें पढ़ने की आदत डालनी चाहिए (ख) किताबें बेकार हैं
(ग) मोबाइल और टीवी में समय बिताना चाहिए (घ) इतिहास की किताबें न पढ़ें

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए अपठित पद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए। (1X 7 =7 अंक)**

हरी-भरी यह धरती हमारी, नदियाँ, जंगल, खेत किनारी।
चिड़ियाँ गातीं मधुर तराने, फूल बिखेरें रंग सुहाने।

सूरज देता ऊर्जा हर दिन, चाँद सजाता अम्बर रजनी।
हवा की ठंडी सिहरन में, जीवन का रस घुला गगन में।
पर यदि हम पेड़ गिराएँगे, धरती को हम रुलाएँगे।
जल, वायु यदि दूषित होंगे,जीवन के सपने टूटेंगे।
आओ हम संकल्प करें,धरती माँ का मान धरें।
हरियाली से इसे सजाएँ,सब मिल-जुलकर गीत सुनाएँ।

(i) कविता में धरती को कैसा बताया गया है?

(क) बंजर (ख) वीरान (ग) सूखी (घ) हरी-भरी

(ii) कौन मधुर तराने गाती हैं?

(क) नदियाँ (ख) चिड़ियाँ (ग) बच्चे (घ) बादल

(iii) चाँद क्या सजाता है?

(क) धरती (ख) खेत (ग) अम्बर (घ) नदी

(iv) "जीवन का रस" कहाँ घुला हुआ है?

(क) फूलों में (ख) गगन में (ग) नदियों में (घ) खेतों में

(v) धरती को सजाने का सबसे अच्छा तरीका क्या है?

(क) पत्थरों से (ख) हरियाली से (ग) इमारतों से (घ) धूल से

(vi) कविता का मुख्य संदेश क्या है?

(क) प्रकृति का संरक्षण करना चाहिए (ख) चिड़ियाँ सुंदर होती हैं
(ग) सूरज ऊर्जा देता है (घ) पेड़ काटने चाहिए

(vii) कविता में हमें क्या संकल्प करना है?

(क) नदियों को रोकना (ख) पेड़ काटना (ग) धरती का मान करना (घ) खेतों को छोड़ना

**<u>खंड - ( ख ) व्यवहारिक व्याकरण - (20अंक)</u>**

**प्रश्न 3. नीचे दिए गए बहुविकल्पी व्याकरणिक प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार सही विकल्प छाँटकर लिखिए । (1x20= 20अंक)**

(i) नीचे दिए गए शब्दों में से पाषाण का समानार्थी शब्द होगा-

(क) धरा (ख) कृपाण (ग) पाहन (घ) इनमें से कोई नहीं ।

(2) "बहती जिसमें **<u>रस - धार</u>** नहीं" इस पंक्ति में स्वदेश कविता के संदर्भ के अनुसार योजक चिन्ह के स्थान पर का, की, के और में से कौनसा शब्द जोड़ेंगे जिससे अर्थ स्पष्ट हो सके?

(क) में (ख) की (ग) का (घ) के

(3) नीचे दिए गए शब्दों में से 'स्वदेश' से जुड़ा सही शब्द होगा-

(क) देशवासी (ख) विदेशभक्ति (ग) शहरवासी (घ) स्वदेश प्रेम

(4) पिताजी ने झिड़ककर कहा, "तू खड़ा क्या देख रहा है?" इस वाक्य में क्रिया विशेषण शब्द क्या है?

(क) झिड़ककर (ख) पिताजी (ग) ने (घ) कहा

(5) हॉकी में कितने खिलाड़ी होते हैं?

(क) नौ (ख) सात (ग) छह (घ) ग्यारह

(6) इनमें से 'राक्षस' का समानार्थी शब्द होगा-

(क) सुर (ख) असुर (ग) देवता (घ) मनुष्य

(7) नीचे दिए गए शब्दों में से 'घाट' का सही तुकांत शब्द होगा-

(क) साठ (ख) ठाठ (ग) बाट (घ) पाठ

(8) "देखो जी, चिड़ियों को मत निकालो", माँ ने अबकी बार **<u>गंभीरता</u>** से कहा। इस वाक्य में रेखांकित शब्द होगा-

(क) क्रिया विशेषण (ख) विशेषण (ग) सर्वनाम (घ) संज्ञा

(9) 'ठिठक जाना' मुहावरे का सही अर्थ होगा-

(क) चलना (ख) भाग जाना (ग) ठिठुरना (घ) रुक जाना

(10) नीचे दिए गए शब्दों में से 'ज्ञानी' का सही विलोम शब्द होगा-

(क) ज्ञानवान (ख) अज्ञानी (ग) बुद्धिमान (घ) घमंडी

(11) इनमें से ऐसा कौन सा शब्द है जो 'दीया' का समान अर्थ न देता हो -

(क) दीन (ख) ज्योति (ग) दीपक (घ) प्रदीप

(12) "एक आशीर्वाद" कविता के अनुसार 'स्वप्न' से जुड़ा हुआ शब्द होगा-

(क) रोशनी (ख) चलना (ग) कल्पना (घ) अप्राप्य

(13) दिए गए शब्दों में से सही क्रिया विशेषण शब्द होगा-

(क) अटकते हुए (ख) सचमुच (ग) दरवाज़ा (घ) घोंसला

(14) इस बार इतना पाला पड़ा कि हमारी सारी फसल नष्ट हो गई । इस वाक्य में 'पाला पड़ने' का अर्थ है-

(क) पालन (ख) अत्यधिक ठंड (ग) सामना होना (घ) पड़ जाना

(15) बिल्ली हमारे घर में रहती तो नहीं मगर घर **<u>उसे</u>** भी पसंद है और **<u>वह</u>** कभी-कभी झाँक जाती है। इस वाक्य में रेखांकित शब्द क्या हैं ?

(क) संज्ञा (ख) विशेषण (ग) क्रिया (घ) सर्वनाम

(16) माँ ने आज **<u>स्वादिष्ट</u>** खाना बनाया है। इस वाक्य में रेखांकित शब्द क्या है?

(क) संज्ञा (ख) विशेषण (ग) क्रिया (घ) सर्वनाम

(17) अंदर का सही विलोम शब्द क्या होगा?

(क) भीतर (ख) ऊपर (ग) बाहर (घ) अंधा

(18) इनमें से 'तंग आ जाना' मुहावरे का सही अर्थ कौनसा होगा ?

(क) तगड़ा होना (ख) तंग करना (ग) किसी को खींचना (घ) परेशान होना

(19) इनमें में से पृथ्वी का पर्यायवाची शब्द होगा -

(क) अवनि (ख) आकाश (ग) सुता (घ) जलज

(20) बीसियों तो **<u>चूहे</u>** बसते हैं। इस वाक्य में रेखांकित शब्द क्या होगा?

(क) क्रिया (ख) विशेषण (ग) संज्ञा (घ) सर्वनाम

**खंड-(ग) - पाठ्य पुस्तक से प्रश्न (36 अंक )**

**प्रश्न 4. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।**

एक दिन दो गौरैया सीधी अंदर घुस आईं और बिना पूछे उड़-उड़कर मकान देखने लगीं। पिताजी कहने लगे कि मकान का निरीक्षण कर रही हैं कि उनके रहने योग्य है या नहीं। कभी वे किसी रोशनदान पर जा बैठतीं, तो कभी खिड़की पर। फिर जैसे आई थीं वैसे ही उड़ भी गईं। पर दो दिन बाद हमने क्या देखा कि बैठक की छत में लगे पंखे के गोले में उन्होंने अपना बिछावन बिछा लिया है और सामान भी ले आईं हैं और मजे से दोनों बैठी गाना गा रही हैं। जाहिर है, उन्हें घर पसंद आ गया था।

माँ और पिताजी दोनों सोफे पर बैठे उनकी ओर देखे जा रहे थे। थोड़ी देर बाद माँ सिर हिलाकर बोलीं, "अब तो ये नहीं उड़ेंगी। पहले इन्हें उड़ा देते, तो उड़ जातीं। अब तो इन्होंने यहाँ घोंसला बना लिया है।"

(क) दो गौरैया कहानी के लेखक कौन है? **(1अंक)**

(ख) लेखक के घर में चिड़ियों ने अपना घोंसला कहाँ बनाया? उन्होंने घोंसला वहीं क्यों बनाया होगा? **(2अंक)**

(ग) माँ बार-बार क्यों कह रही होंगी कि गौरैया घर छोड़कर नहीं जाएँगी? **(2अंक)**

**प्रश्न 5. दिए गए पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।**

जिसकी मिट्टी में उगे बढ़े,पाया जिसमें दाना-पानी।
हैं माता-पिता बंधु जिसमें,हम हैं जिसके राजा-रानी।।
जिसने कि खजाने खोले हैं,नव रत्न दिये हैं लासानी।
जिस पर ज्ञानी भी मरते हैं,जिस पर है दुनिया दीवानी।।
उस पर है नहीं पसीजा जो,क्या है वह भू का भार नहीं।
निश्चित है निस्संशय निश्चित,है जान एक दिन जाने को।

(क) उपर्युक्त पद्यांश किस कविता से लिया गया है? **(1अंक)**

(ख) "उस पर है नहीं पसीजा जो, क्या है वह भू का भार नहीं।" इस पंक्ति से आप क्या समझते हैं? बताइए। **(2अंक)**

(ग) "हम हैं जिसके राजा-रानी" पंक्ति में राजा - रानी किसे और क्यों कहा गया है? **(2अंक)**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित <u>चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों</u> के उत्तर एक या दो वाक्य में अर्थात् 15 से 20 शब्दों में दीजिए। (2X3=6अंक)**

(i) 'एक दौड़ ऐसी भी' कहानी में कौन सी दौड़ की बात हो रही है?

(ii) भील - भिलाला क्या है ? गोथा किसे कहते हैं?

(iii) भारत को बलिदान की धरती क्यों कहा गया है?

(iv) 'विज्ञापन' पाठ के अनुसार विज्ञापन किनके लिए और किसके द्वारा दिया गया है?

**प्रश्न 7. निम्नलिखित <u>छह प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर</u> दो या तीन वाक्यों में अर्थात् 25 से 35 शब्दों में दीजिए। (3X4=12अंक)**

(i) 'संसार - संग' चलने से आप क्या समझते हैं? जो व्यक्ति 'संसार - संग' नहीं चलता, संसार उसका क्यों नहीं हो पाता है?

(ii) "अब मैं हार मानने वाला आदमी नहीं हूँ।" इस कथन से पिताजी के स्वभाव के कौन - से गुण उभरकर आते हैं?

(iii) सभी बच्चे आगे दौड़ने के बजाय पीछे क्यों लौट आए? एक दौड़ ऐसी भी पाठ के अनुसार उत्तर दीजिए।

(iv) नाइट पैरट कैसा पक्षी है? यह किस इलाके में पाया जाता है? इसकी दो विशेषताएँ लिखिए।

(v) 'एक आशीर्वाद' कविता में सपनों के बड़े होने की बात की गई है। आपके अनुसार बड़े सपने कौन-कौन से हो सकते हैं?

(vi) डाँडी या गोथा खेल जीतने के लिए खिलाड़ियों को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

**प्रश्न 8. निम्नलिखित मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर विस्तार में दीजिए। (4X2 = 8अंक)**

(क) यदि आप किसी को आशीर्वाद देना चाहते हैं तो आप किसे और क्या आशीर्वाद देंगे और क्यों?

**अथवा**

देश प्रेम की भावना देश की सुरक्षा से ही नहीं, बल्कि संरक्षण से भी जुड़ी होती है। अनुमान करके बताइए कि देश के किन - किन संसाधनों या वस्तुओं आदि को संरक्षण की आवश्यकता है और क्यों?

(ख) कल्पना कीजिए कि आप उस घर में रहते हैं जहाँ चिड़ियाँ अपना घर बना रही हैं। अपने घर में उन्हें देखकर आप क्या करते?

**अथवा**

बाकी दौड़ने वाले बच्चों के मन में यह क्यों नहीं आया होगा कि दूसरों की सहायता से पहले मैडल जीतना आवश्यक है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

**खंड - ( घ ) लेखन बोध ( 10अंक )**

**प्रश्न 9. अपने विद्यालय में खेल का सामान मँगवाने हेतु अपने प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए। (5अंक)**

अथवा

**मित्र को अपने जन्मदिन पर बुलाने के लिए एक निमंत्रण पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 10. नीचे दिए गए निबंधों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (5अंक)**

(i) वसंत ऋतु

(ii) अनुशासन का महत्व

*****